UCWL UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED

उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड ने अपनी क्लिंकर क्षमता को दोगुना बढ़ाकर सालाना 3 मिलियन टन किया

उदयपुर, 20 अक्टूबर, 2023: जानी–मानी सीमेंट कंपनी जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड की सब्सिडरी उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड (यूसीडब्ल्यूएल) ने अपनी क्लिंकर युनिट के विस्तार के साथ सीमेंट उत्पादन बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है। कंपनी ने उदयपुर में 1.50 मिलियन टन सालाना क्षमता की क्लिंकर युनिट की शुरूआत की घोषणा की है। इसके साथ कंपनी की क्लिंकर क्षमता 1.50 मिलियन टन सालाना से बढ़कर 3 मिलियन टन सालाना पर पहुंच गई है। विस्तार का यह फैसला कंपनी के संचालन क्षेत्रों में सीमेंट की मांग को पूरा करने के उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड के उद्देश्यों को दर्शाता है।

कंपनी की मौजूदा खान में लाईमस्टोन के भंडार एवं ज़मीन की उपलब्धता की वजह से यह विकास संभव हो पाया है। कंपनी को उम्मीद है कि आने वाले सालों में सीमेंट की मांग बहुत अधिक बढ़ेगी और यह विस्तार बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीमेंट की आपूर्ति करने में कंपनी की मदद करेगा।

इस अवसर पर उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड के डायरेक्टर एवं सीईओ श्री श्रीवत्स सिंहानिया ने कहा, *''आज के प्रतिस्पर्धी मार्केट में यह ज़रूरी है कि हम उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के अनुसार अपने आप में बदलाव लाएं और उनकी ज़रूरतों को पूरा करते हुए लगातार आगे बढ़ें। ऐसे में यह विस्तार आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त एवं सहज बनाएगा तथा बढ़ती मांग को पूरा करने में मददगार होगा। क्लिंकर क्षमता में विस्तार के साथ हम उपभोक्ताओं एवं पार्टनर्स को प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी का अनुभव हो रहा है कि हम लगातार विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं और वित्तीय वर्ष 23–24 तक हमारी कुल सीमेंट क्षमता मौजूदा 2.2 मिलियन टन सालाना की तुलना में दोगुना से भी अधिक होकर 4.7 मिलियन टन सालाना तक पहुंच जाएगी।''*

यूसीडब्ल्यूएल व्यवस्थित विकास एवं संतुलित फ्रेमवर्क के द्वारा कर्मचारियों से लेकर उपभोक्ताओं तक सभी को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहता है।

कंपनी की क्षमता विस्तार के लिए ऋण एवं इक्विटी के मिश्रण के माध्यम से आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया गया है। कंपनी ने हाल ही में रु 450 करोड़ के राईट्स इश्यू को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

यूसीडब्ल्यूएल को अपने पोर्टफोलियो के दो प्रतिष्ठित ब्राण्ड्स– 'प्लेटिनम हैवी ड्यूटी सीमेंट' और 'प्लेटिनम सुप्रीमो सीमेंट' पर गर्व है जो निर्माण संबंधी विभिन्न जरूरतों को पूरा करते हैं

और संरचनात्मक क्षमता एवं टिकाउपन को सुनिश्चित करते हुए रूफिंग समाधान उपलब्ध कराते हैं। दोनों ब्राण्ड्स अपनी सशक्त मौजूदगी स्थापित कर चुके हैं और इन्हें मध्य, पश्चिमी एवं उत्तरी भारत में खूब ख्याति मिली है।

यूसीडब्ल्यूएल को नवीकरणीय उर्जा एवं पर्यावरण स्थिरता के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता हैं। कंपनी ने अपनी खानों में राजस्थान में अपनी तरह के पहले और भारतीय सीमेंट उद्योग के एकमात्र 1 मेगॉवाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट को इंस्टॉल किया है। कंपनी अब नवीकरणीय स्रोतों से अपनी विद्युत संबंधी 50 फीसदी ज़रूरतों को पूरा करती है, इस तरह यह पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं में अग्रणी है। इसके अलावा यूसीडब्ल्यूएल विभिन्न कल्याण योजनाओं जैसे 'आजीविका' के माध्यम से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सक्रियता से पूरा करता है, जो प्लांट के आस–पास रहने वाली वंचित महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए प्रयासरत है।

About Udaipur Cement Works Limited:

Udaipur Cement Works Limited is a group Company of JK Lakshmi Cement, making its mark with the esteemed brands, "Platinum Heavy Duty Cement" and "Platinum Supremo Cement." The Company is part of the JK Organization, a $4 billion conglomerate with a legacy of over a century, contributing significantly to various sectors vital for national growth. The Group is a staunch supporter of the 'Make in India' initiative, manufacturing products of unparalleled quality to replace imported goods. The Group's robust brand equity is the result of embracing cutting-edge technologies, ongoing research and development, and a culture of innovation.

For media inquiries, please contact:

Sonia Suneja- 8802134847| sonia.suneja@adfactorspr.com